प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

पत्रांक : 3640 / M-14 / 3 दिनांक : 13/07/2026

विषय : अमर उजाला पेपर में प्रकाशिक खबर "मल्हपुर में पानी की आपूर्ति ठप, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अमर उजाला पेपर में दिनांक 05.07.2026 को प्रकाशित खबर जिसमें ग्राम पंचायत मल्हपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 15 दिनो से पेयजल आपूर्ति वाधित होने का उल्लेख किया गया है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त समाचार का तत्काल संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा निरीक्षण कराया गया। जिसमें पाया गया कि उल्लिखित ग्राम पंचायत अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर था। जिस कारण पेयजल की आपूर्ति अस्थायी रूप से पम्प आपरेटर द्वारा बन्द कर दी गयी थी।

सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को तत्काल जलापूर्ति पुनः सुचारू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा वर्तमान में ग्राम पंचायत मल्हपुर में निर्धारित रोस्टर के अनुसार पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही फर्म को निर्देशित किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

संलग्नक : फोटोग्राफ।

भवदीय,

(सनी सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।


प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।

अधिशासी अभियन्ता


Scanned with OKEN Scanner

















Scanned with OKEN Scanner